तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 4 मई 2024

11 हरा सोना की खरीदी को लेकर ग्रामीणो में उत्साह



12 रामकथा रसपान करने दूर-दूर से पहुंचे श्रोता





**कार्रवाई : अवैध रेत परिवहन करते प्रशासन ने 16 हाईवा किए थे जब्त**

# रेत का अवैध परिवहन मामले में पांच सरपंच व तत्कालीन सचिवों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

- एसडीएम राजिम ने जारी किया नोटिस

अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर जिला प्रशासन काफी सख्त हो गए हैं। अवैध रेत उत्खनन बंद करने प्रशासन के बार बार समझाइस के बाद भी नहीं समझ रहे सरपंच के विरुद्ध अब पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 के तहत कार्यवाही करने की तैयारी में है। रेत खनन पर ब्रेक लगाने कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के द्वारा संबंधित गांव के सरपंच को नोटिस तलब किया है। जारी नोटिस में रेत खनन बंद नहीं होने की स्थिति में सरपंच के विरुद्ध पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 के तहत कार्यवाही करने हिदायत दिए हैं। इससे पहले गुरुवार को जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध रेत परिवहन करते 16 हाइवा को जप्त कर राजिम और फिंगेश्वर थाना के सुपुर्द किया है।

रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामले में जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी संबंध में राजिम क्षेत्र के पांच गांवों के सरपंच एवं तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिवों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। एसडीएम राजिम के द्वारा ग्राम पंचायत चौबेबांधा, रावड़, सिंधौरी एवं हथखोज के सरपंच एवं ग्राम पंचायत सचिवों को गांवों में हो रहे अवैध उत्खनन के संबंध में ⏭ शेष पेज 10 पर




रेत के अवैध खनन व परिवहन पर भड़के विधायक तो प्रशासन ने पकड़े 16 हाईवा

**नियमों को ताक में रखकर रेत का अवैध परिवहन**

जिसके संबंध में वरिष्ठ कार्यालयों एवं एसडीएम कार्यालय द्वारा समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण कर नियमानुसार परिवहन करने के निर्देश दिए गए थे। इसके उपरांत भी संबंधितों द्वारा शासन द्वारा बनाये गये नियमों को ताक में रखकर रेत का अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा है। अतएव उक्त कृत्य हेतु क्यों न संबंधितों के विरूद्ध पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 के अधीन कार्यवाही की जावे, उक्त संबंध में एसडीएम कार्यालय में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, जवाब संतोषप्रद नहीं पाये जाने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# नदी-नाले और तालाब सूखे गहराने लगा पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

गर्मी की तपिश अब धीरे -धीरे बढ़ने लगी है। इसका सीधा असर जलस्तर पर दिखाई दे रहा है। नदी, नाले, तालाब व कुआं अब सुखने लगें हैं। गर्मी की तपिश जैसे -जैसे बढ़ेगी पानी की संकट की समस्या और विकराल होती जाएगी। गर्मी के मौसम शुरू होते ही यहां कुओं एवं तालाबों का जलस्तर लगातार नीचे जाने लगा है। घटते जलस्तर का सीधा प्रभाव मानव जीवन पर पड़ता है। इंसान तो किसी न किसी रूप में खुद के लिए पानी की व्यवस्था कर लेता है। लेकिन पशु -पक्षियों के लिए जल संकट एक बड़ी समस्या बन जाती है। नदी, नाले, पशु-पक्षियों के लिए एकमात्र पानी के स्त्रोत होते हैं। मई के इस महीने में ही यहां नदी नाले करीब करीब सुख चुकी है। इक्का-दुक्का बड़े तालाबों को छोड़ दें तो अधिकांश तालाब में पानी का नामोनिशान नहीं है। 10 वर्ष पहले नदी में जगह -जगह पानी रहता था, अब नदी में ही जगह-जगह बोर खोद कर मनमर्जी बिना रोक टोक के रबी फसल ले रहे हैं। इस ओर शासन प्रशासन भी ध्यान नहीं नहीं देने से दिनों दिन जलस्तर गिरता जा रहा है। कई जगहों पर हैंडपंप अभी से हांपने लगें हैं। जहां हर साल गर्मी के मौसम में गांव के तालाब सूख ⏭ शेष पेज 10 पर



## नाबालिग से दुष्कर्म पर दोषी युवक को उम्रकैद

**गरियाबंद।** नाबालिक लड़की से शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने के एक मामले में न्यायालय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक विशेष न्यायालय पीठासीन न्यायाधीश यशवंत वासनीकर ने दोषी युवक को 20 वर्ष का आश्रम कारावास 5000 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक विशेष न्यायालय पाक्सो एवं बलात्कार मामले में यशवंत वासनीकर द्वारा थाना छुरा के आरोपी महेश कुमार सोरी उम्र 19 वर्ष निवासी पंडरीपानी को धारा 6 पाक्सो अधिनियम में दोषसिद्ध पाये जाने पर गुरूवार को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक जनक राम साहू ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिनांक 25 जुलाई 2023 को पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। कि उनकी उम्र 16 वर्ष 7 माह है, को आरोपी महेश कुमार सोरी ने दिनांक 23 जून 2023 के शाम करीबन 5 बजे पीड़िता को मैं तुमसे प्यार करता हूँ और शादी करूंगा कहकर शादी का प्रलोभन देते हुये जबरन भगाकर रायपुर ले गया। करीबन एक माह तक जबरदस्ती पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाया। तथा दिनांक 16 जुलाई 2023 को आरोपी ने पीड़िता को महासमुन्द बस स्टैण्ड में छोड़ दिया। पीड़िता की उक्त रिपोर्ट पर पुलिस थाना छुरा द्वारा धारा 363, 366, 376 (2) (ढ) एवं धारा 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। न्यायालय द्वारा पीड़िता की शारीरिक एवं मानसिक पीड़ा उनके जीवन एवं मनोदशा पर पड़ने मनोवैज्ञानिक प्रभाव एवं समाज में हुई प्रतिष्ठा भंग को दृष्टिगत रखते हुए पीडिता को प्रतिकर स्वरूप 4 लाख रूपये दिये जाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया गया है।

## गर्मी में लहलहाती धान की बालियां



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में कई किसान धान की रबि फसल ले रहे है और अब धान की बालियॉ पकने लगी है, साथ ही इस भीषण गर्मी में धान की बालिया लहलहा रही है। मैनपुर, देहारगुडा, हरदीभाठा, भाठीगढ, गोपालपुर, कोदोभाठा, साल्हेभाठ, गिरहोला, जिडार, जाडापदर, चिहरापारा, चलकीपारा, गौरघाट, मैनपुरकला, बरदुला, फुलझर, बोईरगांव, झरियाबाहरा ग्रामो में धान की बालिया पककर तैयार होने लगी है उम्मीद किया जा रहा है कि 15 मई के बाद धान की कटाई और मिजाई कार्य प्रारंभ हो जायेगा इस भीषण गर्मी के दिनो में किसानों को अपने फसल को सहजने भारी पसीना बहाना पड़ रहा है, क्योंकि आवारा मवेशियों से किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है।

## सड़क हादसे में युवक घायल जिला अस्पताल किया रेफर

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 09 किलोमीटर दूर मैनपुर गरियाबंद मुख्य मार्ग में शुक्रवार को शाम 4 बजे नगरी से धवलपुर के तरफ आ रहे एक युवक का मोटर सायकल फिसल जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसमें बलिराम घायल हो गया। जिसे संजीवनी एक्सप्रेस 108 के माध्यम से मैनपुर अस्पताल लाया गया। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। वहीं शुक्रवार को सुबह तेन्दुपत्ता तोड़ने गए डुमरघाट निवासी नंदलाल एंव कोदोमाली निवासी फुलसिंह के खाई में गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गये। जिससे उनके हाथ पैर व शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट आई है। जिन्हे जिला अस्पताल गरियाबंद ईलाज के लिए रेफर किया गया है।





## खबर संक्षेप



### मतदान बढ़ाने कलेक्टर से की मुलाकात

**रायपुर।** सिंधी साहिती बिरादरी मंडल के पदाधिकारियों ने गुरुवार को कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह से मुलाकात की। इसी दौरान पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मतदान बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन लिया। मुलाकात के दौरान अध्यक्ष दिलीप इसरानी, मनोहर छुगानी, सुनील अजवानी, अशोक इसरानी, शंकर, नरेश लालवानी, हरीश अजवानी, अजीत मोटवानी, मोहन, विजय हेमानी उपस्थित रहे।

### गायत्री परिवार की शुरू होगी ग्राम तीर्थयात्रा



**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार में अखंड दीप के 100 वर्ष पूरे होने पर गायत्री परिवार द्वारा ग्राम तीर्थयात्रा की शुरुआत की जा रही है। अखंड दीप को पूरे देशभर में भ्रमण कराया जाएगा। इस संबंध में गुरुवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार से रायपुर पहुंचे ऋषि पुत्रों द्वारा प्रदेश स्तरीय बैठक ली गई। बैठक में प्रदेशभर के पदाधिकारी उपजोन जिला जोन और शक्तिपीठ के पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में छत्तीसगढ़ में रथ के संचालन और अखंड ज्योति को लेकर पूरे प्रदेश में भ्रमण करने के विषय पर चर्चा हुई, जिला स्तर पर अखंड ज्योति को भ्रमण करने और ग्रामीण क्षेत्रों में अखंड ज्योति को गांव-गांव तक ले जाने, गायत्री परिवार के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्ययोजना बनाई गई।

### पंजाबी महिला मंडल ने दाना पानी के लिए बांटे सकोरे



**रायपुर।** मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ पंजाबी महिला मंडल द्वारा मरीन ड्राइव में बुधवार को छाछ एवं चिड़ियों के दाना-पानी के लिए सकोरा वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में रेनू गुप्ता, मीना बजाज, विजय लक्ष्मी बजाज, उमा डूडेजा, प्रिया नारंग, उर्मिला अरोड़ा, संतोष सूरी, सुरेखा कुमार, रीता चोपड़ा, बिंदु बग्गा, अलका मोदी, किरण बत्रा, शशि डूरेजा, अंजू अरोड़ा सदस्य उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### रेत का अवैध...

जवाब प्रस्तुत करने कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत परसदाजोशी में पूर्व में अवैध रेत उत्खनन की शिकायत प्राप्त होने पर एसडीएम राजिम द्वारा सीमांकन प्रतिवेदन की जानकारी मांगे जाने पर तीन माह उपरांत भी जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर परसदाजोशी के सरपंच एवं तत्कालीन सचिव को भी कारण बताओं नोटिस दिया गया है। एसडीएम राजिम द्वारा जारी किये गये नोटिस में उल्लेखित है कि अनुविभाग राजिम अंतर्गत रेत खदानों द्वारा निर्धारित समय से परे रेत का परिवहन बगैर आवश्यक दस्तावेज के किया जा रहा है।

### नदी-नाले और...

जाता है। ऐसी स्थिति में लोगों के समक्ष निस्तारी की समस्या गहराने लगती है। अभी गर्मी पूरी तरह शुरू भी नहीं हुई है कि क्षेत्र के नंदी नाले, तालाब, कुआं सहित हैंडपंप जवाब देने लगे हैं। अब निस्तारी की समस्या को लेकर चिंतित हैं। शासन भी इस परेशानी को दूर करने में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। आने वाले दिनों में पानी की अत्यधिक समस्या उत्पन्न होगी जिसके लिए कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता है। जिससे पानी समस्या से लोगों को मुक्ति मिल सके।

# पीले चावल-पाती लेकर दूल्हे के हल्दी रस्म मंडप में पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने गुरुवार को जिले में पीले चावल और आमंत्रण पत्र (पाती) अभियान शुरू किया है।

इस अभियान के तहत चुनाव ड्यूटी में लगे प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी मतदाताओं के घर-घर जाकर पीले चावल संग पाती देकर 7 मई को मतदान केंद्र पहुंचकर वोट करने की अपील कर रहे हैं। कलेक्टर गौरव सिंह भी इस अभियान के तहत मतदाताओं से अपील करने शहर में निकले थे। इस दौरान वे एक दूल्हे की हल्दी रस्म मंडप में जा पहुंचे और दूल्हे सहित उसके परिवार को पीले चावल और पाती भेंट कर उनसे वोट करने की अपील की। घर-घर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे इस अभियान के पहले दिन कलेक्टर जोरा क्षेत्र में पहुंचे। उनके साथ जिला पंचायत के सीईओ विश्वदीप, बाल एवं महिला विकास विभाग की अधिकारी निशा मिश्रा सहित अन्य अधिकारी भी थे। इस दौरान कलेक्टर पूरी टीम के साथ जोरा में एक घर में शादी की चल रही तैयारियों को देखते हुए वहां पहुंचे। उस समय उस घर में लगे मंडप पर दूल्हे की हल्दी रस्म अदा की जा रही थी। कलेक्टर ने इस दौरान दूल्हे और उसके परिवार के सभी सदस्यों को शादी की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें पीले चावल और पाती भेंट कर मतदान करने की अपील की।

- वोट के लिए मतदाताओं से अपील करने पीले चावल संग पाती बांटने निकले जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी

**परिवार को वोट करने दिया आमंत्रण**



### परिवार ने कलेक्टर से कहा- जरूर आएंगे वोट देने

कलेक्टर के हल्दी रस्म कार्यक्रम में पहुंचने से जोरा निवासी भोई परिवार की खुशियां डबल हो गईं। परिवार के सभी लोगों ने कलेक्टर द्वारा दिए गए पीले चावल व पाती को लेने के बाद उनसे कहा कि वे सभी वोट करने जरूर आएंगे। इस दौरान परिवार ने कलेक्टर को घर आकर मतदान के लिए आमंत्रण देने के लिए धन्यवाद भी दिया।

## हितग्राही अभी भी राशन दुकानों के चक्कर काट रहे

# राशन दुकानों में चावल सप्लाई में देर, नान-ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी एक-दूसरे पर फोड़ रही ठीकरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

उचित मूल्य की दुकानों में दो माह का चावल एक साथ हितग्राहियों को बांटा जाना है, लेकिन राशन दुकानों में चावल की सप्लाई में देर करने के कारण अब तक जिले में 50 प्रतिशत से कम हितग्राहियों को ही दो महीने का चावल मिल पाया है। शेष हितग्राही अभी भी दुकानों के चक्कर काट रहे हैं। इधर राशन दुकानों में चावल की सप्लाई में देर के लिए नागरिक आपूर्ति निगम (नान) प्रबंधक का कहना है कि इसके लिए होरा ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी जिम्मेदार है, क्योंकि इसके लिए एजेंसी पर्याप्त मात्रा में गाड़ियां ही उपलब्ध नहीं करा पा रही है, वहीं दूसरी ओर एजेंसी ने नान प्रबंधक को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है।

एजेंसी का कहना है कि देर से डीओ कटने, कम कार्यदिवस मिलने, बिल देर से जेनरेट होने तथा नान से भुगतान में देर किए जाने आदि कारण से चावल की सप्लाई में विलंब हुआ है। इस तरह नान प्रबंधक और ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी दोनों चावल सप्लाई में देर के लिए एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं।






### छोटी दुकानों में अभी भी चावल की कमी

नान प्रबंधक और ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी के विवाद के कारण चावल सप्लाई में देरी पर कलेक्टर की नाराजगी के बाद राशन दुकानों में चावल की सप्लाई तेज कर दी गई है। हालांकि इसके बाद भी शहर में गली-मोहल्लों में खुली छोटी-छोटी दुकानों में चावल की कमी बनी हुई है, जिसके कारण हितग्राहियों को दो महीने का चावल नहीं मिल पा रहा है।

### दूसरी एजेंसी से गाड़ियां बुलाकर सप्लाई की जा रही

होरा ट्रांसपोर्टिंग के अलावा दूसरी एजेंसी से गाड़ियां बुलाकर चावल की सप्लाई की जा रही है। अप्रैल का शत-प्रतिशत चावल आबंटन किया जा चुका है। मई का भी 70-80 प्रतिशत आबंटन हो चुका है।

**- डीएम पांडेय,** प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर

### नान-एजेंसी के बीच बढ़ा विवाद

हरिभूमि ने राशन दुकानों में चावल सप्लाई प्रभावित की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इस खबर के बाद नान और ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी होरा के बीच विवाद बढ़ गया है। दोनों एक-दूसरे को इसके लिए जिम्मेदार ठहराने लगे। सूत्रों के अनुसार इस मामले को कलेक्टर गौरव सिंह ने भी संज्ञान लिया था, जिसके बाद उन्होंने नान प्रबंधक और एजेंसी दोनों से बातचीत की थी। प्रबंधक ने राशन दुकानों में परिवहन किए गए चावल की रिपोर्ट पेश की थी। इस रिपोर्ट के एवज में एजेंसी ने भी एक रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें उन्होंने नान प्रबंधक की रिपोर्ट को गलत बताया था। नान की ओर से प्रबंधक ने भी एजेंसी की रिपोर्ट को गलत बताया है। कलेक्टर से एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत करने के बाद दोनों के बीच विवाद बढ़ गया है।

### अप्रैल में 50 प्रतिशत से कम हितग्राहियों को बंट पाया दो माह का चावल

राशन कार्ड धारकों को दो महीने चावल एक साथ वितरित किए जाने का आदेश शासन ने मार्च में जारी किया था। इसके तहत हितग्राहियों अप्रैल और मई का चावल एक साथ वितरित किया जाना था, लेकिन नान के माध्यम से राशन दुकानों को की जाने वाली चावल की सप्लाई में ही देर कर दी गई। राशन दुकानों को अप्रैल का चावल ही उस माह में शत प्रतिशत सप्लाई नहीं की गई, वहीं कई दुकानों में मई का चावल भी आधा ही पहुंच पाया। इसके कारण पिछले माह 50 प्रतिशत से कम हितग्राहियों को ही दो महीने का चावल मिल पाया है।

# अब संविधान के बुनियादी ढांचे को बदलने की तैयारी, चुनाव में सरपंचों जैसे दांव-पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक योगेन्द्र यादव का पत्रकारों से रूबरू कार्यक्रम

देश में वर्तमान लोकसभा चुनाव कई मायने में असामान्य सा लगने लगा है। इस चुनाव के महत्व व मायने अब जनता समझने लगी है। अभी केन्द्र की सत्तारूढ़ पार्टी के बड़े नेता 400 पार के दावे कर रहे हैं। इसे मतदाता भी देख और समझ रहे हैं। भारत जोड़ो अभियान का हिस्सा होने के नाते लोगों से चर्चा में यह महसूस भी किया है। नए-पुराने दौर की बातों का जिक्र करते हुए दोपहर एक बजे भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक योगेन्द्र यादव मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में पत्रकारों से रूबरू हुए।

इससे पहले प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई और अरविंद सोनवानी ने अभियान योगेन्द्र यादव का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने अभियान से जुड़े अनुभव व सवालों के जवाब में कई बाते कहीं। बताया कि यह चुनाव लोकसभा के बजाय संविधान सभा का ज्यादा लग रहा है। इसमें बड़े बदलाव के लिए ही अबकि बार 400 पार का नारा लगाया जा रहा है। हकीकत कुछ और ही है। ऐसे दावे पूर्व में कांग्रेस ने किए और इंदिरा जी की सरकार चली गई। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि चुनाव के पहले भी नए लोगों को इलेक्शन की जिम्मेदारी दी गई। मैच शुरू होने से पहले कांग्रेस के नेताओं के यहां रेड डालने जैसे कई हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। अरविंद केजरीवाल और सोरेन को जेल भेज दिया।

### सरपंच चुनाव जैसे हालात

इसे दमनकारी हथकंडा कहा जाता है, जो सत्तारूढ़ पार्टी अपना रही है। आमतौर पर मैंने इस तरह के दांव-पेच सरपंच चुनाव में देखे हैं, जो इस बार लोकसभा चुनाव में देखने को मिल रहा है। मंदिर के नाम पर वोट मांगा जा रहा है। दो बार के पीएम से कोई हिसाब नहीं मांग रहा, जो मांगते हैं, उन्हें डॉ. मनमोहन सिंह सरकार का हिसाब दिया जा रहा है। अग्निवीर का क्या हुआ, युवा बेरोजगार हैं, उन्हें कब नौकरी मिलेगी, इन सवालों का कोई जवाब नहीं दे रहा है। इसे जनता देख और समझ रही है।

# जेम एंड ज्वेलरी के विद्यार्थियों ने सराफा बाजार में स्टडी और इंटर्नशिप को प्रायोगिक तौर पर जाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- विद्यार्थियों ने कई जेम एंड ज्वेलरी संस्थानों का भ्रमण किया

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय द्वारा संचालित जेम एंड ज्वेलरी कोर्स की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों ने गुरुवार को अपने विषय को प्रायोगिक तौर पर देखने व समझने सदरबाजार के विभिन्न जेम एंड ज्वेलरी संस्थानों का भ्रमण किया। उनका यह भ्रमण जेम एंड ज्वेलरी स्टडी और इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत था।

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के रत्नाभूषण प्रतिष्ठान जेवर में पहुंचे छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ में रत्नाभूषण उद्योग के भविष्य, इस क्षेत्र में प्रशिक्षित मानव संसाधन की आवश्यकता, रोजगार व स्वरोजगार की संभावनाओं पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। श्री मालू ने छात्र-छात्राओं को हालमार्क ज्वेलरी, रत्न आभूषण में उपभोक्ता संरक्षण, क्वालिटी कंट्रोल, छत्तीसगढ़ की परम्परागत ज्वेलरी, रत्न आभूषणों में बदलते ट्रेंड, हेंड मेड ज्वेलरी, कास्टिंग ज्वेलर्स, जियो राजनीतिक परिस्थितियों का प्रभाव, सोने चांदी की कीमत, सोने चांदी जैसे मूल्यवान धातुओं व आम उपभोक्ताओं के खरीदने की क्षमता पर खुलकर चर्चा की।

सवाल जवाब के बीच उन्होंने अपनी जिज्ञासा भी शांत की। आधुनिकता के दौर में परम्परागत विधि से सोने चांदी को परखने की विधि के संबंध में भी श्री मालू ने उन्हें अवगत कराया।

# भागवत महापुराण से मिलता है मोक्ष : पं. मनोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अनैतिक कार्य न करने व शराब न पीने का दिलाया संकल्प

पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर के सामने में आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ कथा में मां महामाया मंदिर के भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला ने गुरुवार को कथा में बताया कि भागवत महापुराण साक्षात भगवान श्रीकृष्ण स्वरूप नारायण ही है, जो मोक्ष का मार्ग दिखलाती है।

श्रीमद भागवत महापुराण सभी पुराणों में सर्वश्रेष्ठ है। इसे केवल बुढ़ापे में नहीं, बल्कि बचपन में, युवा, हर अवस्था में, हर कोई सुन सकता है और सुनना चाहिए। उन्होंने कथा में भगवान बलराम और कृष्ण की बहन सुभद्रा का विवाह अर्जुन के साथ होने, ऋषि दुर्वाशा का यदुवंशियों को श्राप तथा भगवान के स्वधाम गमन की कथा सुनाई।

### भागवत महापुराण सुनने से मिलती है सुख-शांति

भागवताचार्य ने कहा कि मनुष्य आज सुख-शांति पाने के लिए न जाने कितने उपाय करता है। दौड़-भाग करते रहते हैं, लेकिन भागवत महापुराण सुनें तो सुख-शांति अपने आप मिल जाती है, कष्ट दूर हो जाता है और मोक्ष पद की प्राप्ति भी होती है। कथा के समाप्ति के बाद पं. मनोज शुक्ला ने भक्तों को स्वयं व अपने आसपास अनैतिक कार्य न करने व जुआ, शराब से दूर रहने की शपथ भी दिलाई।

# सड़क हादसे में घायल डॉक्टर के परिवार को अब तक नहीं मिला न्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में दो माह पूर्व सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल डॉक्टर डॉ. एम अनीस मेमन के परिवार को अब तक न्याय नहीं मिला है। डॉ. मेमन उनकी पत्नी तथा बेटा छह मार्च को टहल रहे थे। इसी दौरान नशे में धुत्त कार सवार लड़कों ने डॉक्टर के परिवार का एक्सीडेंट कर दिया। घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहे कार सवार लड़कों को भीड़ ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया, लेकिन पुलिस पर उन लड़कों को छोड़ देने तथा अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को रफा दफा करने का आरोप है।

डॉक्टर मेमन ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया है कि घटना दिनांक को वे अपनी पत्नी तथा बेटे के साथ कैनाल लिंक रोड के श्याम नगर चौक के पास रात 11 बजे टहलने के लिए निकले थे। इसी दौरान पीछे से एक तेज रफ्तार कार ने डिवाइडर पर चढ़ने के बाद अनियंत्रित होकर उन्हें ठोकर मार दी। कार की ठोकर लगने से डॉ. मेमन के पैर तथा कंधे की हड्डी टूट गई। साथ ही डॉक्टर के बेटे का पैर फ्रैक्चर हो गया। डॉक्टर की पत्नी अब तक पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाई है। डॉक्टर की पत्नी के सिर के साथ दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए। पैरों में स्टील की प्लेट लगानी पड़ी है। डॉक्टर की पत्नी का दो बार ऑपरेशन करना पड़ा। ठीक नहीं होने पर तीसरी बार भी ऑपरेशन किया जा सकता है।





- पुलिस जांच पर उठ रही अंगुली, घटना के दो माह बाद भी आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर
- आरोपी को भीड़ ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया लेकिन पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया

### आरसी बुक में मालिक का नाम बदला

घटना के बाद हुंडई कार सीजी 04 एमएफ 2588 की नंबर प्लेट टूटकर गिर गई। नंबर प्लेट के आधार पर कार मालिक के बारे में जानकारी जुटाई गई, तो कार किसी संधू सेन नाम की महिला के नाम पर रजिस्टर्ड मिली। दूसरे दिन सात मार्च को नंबर के आधार पर सर्च किया गया, तो कार रामकुंड निवासी किसी सकलेन शेख के नाम पर रजिस्टर्ड होना पाई गई।

### सुपुर्द करने के बाद भी अज्ञात पर उठ रही अंगुली

डॉक्टर मेनन के मुताबिक घटना के बाद उनकी पत्नी तथा बेटा बेहोश हो गए थे। रास्ते से गुजर रहा एक ओला चालक उन्हें रामकृष्ण अस्पताल लेकर गया। घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहे कार चालक का टायर बर्स्ट हो गया। इस वजह से बदमाश भाग नहीं पाए। तब तक मौके पर भीड़ पहुंच चुकी थी। भीड़ ने कार चालक तथा कार पर सवार दो अन्य लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। इसके बाद भी पुलिस द्वारा अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज करना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे हैं। घटना के बाद पुलिस ने अब तक घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फूटेज की जांच करने के साथ लोगों के बयान तक दर्ज करना उचित नहीं समझा।

## संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि ने बताई प्रक्रिया

# ओपीएस का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को एनएसडीएल से रकम निकालकर जमा करानी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के ऐसे शासकीय सेवक जिन्होंने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का विकल्प चुना है, उन्हें इस योजना के तहत पेंशन प्राप्त करने के लिए एनपीएस योजना की जो राशि एनएसडीएल में जमा कराई गई है, वह राशि राज्य में जमा करानी होगी। इसके बाद ही उन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलना शुरू होगा। संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि छत्तीसगढ़ ने पुरानी पेंशन योजान लागू होने पर सेवानिवृत्ति के प्रकरणों के निराकर के लिए प्रक्रिया निर्धारित की है। संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि द्वारा इस संबंध में प्रदेश के सभी संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा, और बस्तर को इस प्रक्रिया से अवगत कराया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में एनपीएस के स्थान पर ओपीएस लागू की गई थी।

### अब ये करना होगा

वित्त विभाग ने साफ किया है कि पुरानी पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए शासकीय सेवक को पेंशन का विकल्प भरना होगा। ऐसे प्रकरण जिसमें कर्मचारी द्वारा प्रान खाते में जमा राशि का आहरण नहीं किया गया है, ऐसे प्रकरणों में कर्मचारी द्वारा एनपीएस के नियम के अनुसार आहरण की कार्यवाही को पूर्ण करना अनिवार्य होगा। इसके बाद आहरित राशि से कर्मचारी द्वारा नियोक्ता अंशदान तथा उस पर उपार्जित लाभ को चालान के माध्यम से शासन के निर्धारित प्राप्ति शीर्ष में जमा कराया जाएगा। कर्मचारी द्वारा नियोक्ता अंशदान तथा उस पर उपार्जित लाभ की राशि चालान के माध्यम से वापसी के बाद ही पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) जारी किया जाएगा।

### अपनानी होगी ये प्रक्रिया

संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि द्वारा जारी प्रक्रिया के संबंध में कहा गया है कि वित्त निर्देश 11-2023 के अनुसार राशि जमा करने में आहरण एवं संवितरण अधिकारी जानकारी प्रदान करेंगे। वित्त विभाग द्वारा 28 फरवरी 2023 को पुरानी पेंशन योजना लागू होने के बाद सेवानिवृत्ति के प्रकरण में पेंशन का भुगतान करने के संबंध में ये निर्देश दिए गए थे। कहा गया है कि सेवानिवृत्ति के बाद संबंधित सेवानिवृत्त शासकीय सेवक अपने प्रान खाते में जमा शासकीय अंशदान एवं उस पर मिले लाभांश को शासकीय कोष में जमा करेंगे। इसके बाद पुरानी पेंशन योजना की पात्रता होगी और पेंशन भुगतान आदेश जारी किया जाएगा।

# चंदनीडीह में एनएचआई ने तोड़ी पाइप लाइन, निगम ने फिर कराई मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- चंदनीडीह तक घर-घर पेयजल पहुंचाएगा निगम

रायपुर नगर निगम द्वारा चंदनीडीह के घरों में पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई जा रही पाइप लाइन को राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने मार्ग बनाने के दौरान क्षतिग्रस्त कर दिया। विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर निगम ने क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत करा ली है। इससे जल्द ही चंदनीडीह के रहवासियों को पाइप लाइन के जरिये पीने का पानी मिलने लगेगा। नगर निगम द्वारा जोन 8 क्षेत्र के चंदनीडीह के घरों में पेयजल आपूर्ति करने पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। टाटीबंध से चंदनीडीह तक 700 मीटर दायरे की पाइप लाइन को एनएचआई द्वारा सड़क बनाने के दौरान तोड़ दिया गया। तब निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर एनएचआई के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर उन्हें समझाइश दी गई। इसके बाद क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत का काम पूरा करा लिया गया है। विदित हो, नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल चंदनीडीह गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन नहीं होने से रहवासी पारंपरिक जलस्त्रोत पर निर्भर थे। अब वहां पाइप लाइन के जरिये घरों तक पानी पहुंचाया जायेगा।



**जागरूकता : स्वास्थ्य अमलों और मितानिनों के माध्यम से लू लगने के लक्षण संबंध में किया जा रहा जागरूक**

# लू से बचाव व उसके उपाय के लिए कलेक्टर ने जारी किए आवश्यक सुझाव और निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

ग्रीष्म ऋतु के मौसम में तापमान में वृद्धि के चलते भीषण गर्मी पड़ने तथा नागरिकों को लू लगने की संभावना है। जिससे आम जन जीवन व स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जिसे देखते हुए कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले वासियों से आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय करने की अपील की है। लू-तापघात से बचाव एवं तैयारी के लिए जिला स्तर पर संयुक्त कलेक्टर नवीन कुमार भगत मोबाइल नंबर 8319700683 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने लू से बचाव के लिए तहसील, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, पंचायत सचिवों, कोटवारों एवं जिला स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये है।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि जिला अस्पताल सहित समस्त सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों के संस्था प्रभारियों को लू से बचाव एवं उपचार हेतु पर्याप्त मात्रा में आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयां एवं ओआरएस की उपलब्धता सुनिश्चित कर मरीजों का उपचार करने को कहा गया है और मैदानी स्वास्थ्य अमलों और मितानिनों के माध्यम से लू लगने के लक्षण, कारण और बचाव के उपायों के संबंध में स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। अगर ओआरएस न हो तो घर पर ही एक गिलास पानी में एक चम्मच शक्कर व एक चुटकी नमक मिलाकर जीवन रक्षक घोल तैयार किया जा सकता है। गांव में मितानिनों या डिपो होल्डर के पास ओआरएस और दवाईयां लेकर प्राथमिक उपचार के पश्चात निकट के स्वास्थ्य केन्द्र या चिकित्सक के पास जाकर मरीज को भर्ती कर उपचार कराना चाहिए।

**लू के लक्षण–** सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख न लगना व बेहोश होना।

**लू से बचाव के उपाय–** इसके लिए बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाये। धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले। पानी अधिक मात्रा में पिये। अधिक समय तक धूप में न रहे। गर्मी के दौरान मुलायम सूती कपड़े पहने ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पिये। चक्कर, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें। शीतल पेय जल पिये, फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श ले। उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह ले।

**लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचार–** बुखार से पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगायें, कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटायें, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें, पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जायें, आंगनबाड़ी मितानिन तथा एएनएम से ओआरएस की पैकेट के लिए संपर्क करें।



**क्या न करें-** धूप में बाहर जाने से बचे, नंगे पांव बाहर न जाए, दोपहर के समय खाना पकाने से बचे, शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचे, ये शरीर को निर्जलित करते हैं। अधिक प्रोटीन वाले भोजन से बचे। बीमार होने पर बाहर धूप में न जाए, घर पर रहे।

**क्या करें -** भीषण गर्मी में लू से बचाव हेतु पर्याप्त पानी पीये भले ही प्यास न लगे, मिर्गी या हृदय, गुर्दे या लीवर से संभावित रोग वाले जो तरल प्रतिबंधित आहार लेते हो या जिनको द्रव्य प्रतिधारण की समस्या है, उनको तरल सेवन बढ़ाने से पहले डॉक्टर से परामर्श ले। हल्के रंग के, ढीले सूती कपड़े पहने, अपने आप को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस घोल, घर के बने पेय जैसे- लस्सी, नींबू का पानी, छाछ आदि का सेवन करें।

# भाजपा नेता मनोहर सड़क दुर्घटना में घायल, रेफर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मंडल महामंत्री मनोहर बघेल अपने घर कुल्हाड़ीघाट लौटते समय मुख्य मार्ग में अचानक वन प्राणियों के झुंड आ जाने से वन प्राणियों को बचाने मोटरसाइकिल का ब्रेक मार दिया। जि स से मोटरसाइकिल के चक्का फिसल जाने से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। कुल्हाड़ीघाट पुलिस कैंप के जवानों ने घायल भाजपा नेता मनोहर बघेल के परिजनों को इसकी सूचना दी और मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर किया गया । लेकिन गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज के लिए रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोहर बघेल कल गुरुवार शाम 6:00 बजे मैनपुर से अपने घर कुल्हाड़ीघाट लौट रहे थे की मैनपुर से लगभग 15 किलोमीटर दूर मुख्य मार्ग में वन प्राणियों हिरण सांभर की झुंड जंगल से दौड़ते हुए अचानक सड़क पार करने निकली वन प्राणियों के झुंड को देखकर भाजपा नेता मनोहर बघेल ने अपने मोटरसाइकिल का ब्रेक लगा दिया अचानक ब्रेक लगा देने से मोटरसाइकिल के चक्का फिसल गया और वहां गिर कर घायल हो गया मोटरसाइकिल से गिरने के कारण मनोहर बघेल के सिर और हाथ पैर में गंभीर चोट लगी है। कुल्हाड़ीघाट पुलिस कैंप के जवानों ने तत्काल घायल मनोहर बघेल की सहायता किया और उनके परिजनों को इसकी सूचना दी गई और मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उनके गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर किया गया। जिला अस्पताल से रायपुर रिफर किया गया है। रायपुर में उनके परिजन उनका इलाज निजी अस्पताल में करवा रहे हैं। यहां जानकारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने देते हुए बताया मोटरसाइकिल से गिरकर भाजपा नेता मनोहर बघेल घायल हो गए हैं। जिनका उपचार रायपुर के एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### सिरशोभा स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**सरायपाली।** शासकीय प्राथमिक शाला सिरशोभा में सत्र 2023-24 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। सर्वप्रथम प्रधान पाठक दुर्वादल दीप, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सरस्वती चौहान एवं बच्चों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात प्रधान पाठक ने कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित कर प्रमाण पत्र वितरित किया। बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कक्षा पहली ग्रेड ए में 3, ग्रेड बी में 2, ग्रेड सी में 1, कक्षा दूसरी ग्रेड ए में 2,सी प्लस में 1, कक्षा तीसरी ग्रेड ए प्लस में 1, ए में 1, बी प्लस में 1, बी में 1, सी में 1, कक्षा चौथी ग्रेड बी प्लस में 1, सी प्लस में 1, कक्षा पांचवीं ग्रेड ए में 1, बी प्लस में 1 बच्चों ने अपना स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

### आत्मानंद में प्रवेश के लिए आवेदन 10 तक

**सरायपाली।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए लॉटरी की प्रक्रिया नियमानुसार समय सीमा में पूर्ण किया जाना है। सेजेस के प्राचार्य मनोज पटेल ने बताया कि कक्षावार एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 10 अप्रैल से 10 मई 2024 तक निर्धारित किया गया है। एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई 2024 है। वहीं रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए लॉटरी 14 मई 2024 को प्रातः 9 बजे से सेजेस हॉल में नियमानुसार कक्षावार लॉटरी की प्रक्रिया पूर्ण किया जाना निर्धारित है। लॉटरी प्रभारी अधिकारी /बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी ने सेजेस में विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु कक्षावार ऑनलाइन आवेदन करने वाले समस्त आवेदकों/पालकों को 14 मई 2024 को सेजेस हॉल में निर्धारित समय प्रातः 9 बजे लॉटरी के लिए उपस्थिति देने अपील की गई है।

# साईं भक्तों और गांव वालों ने निकाली पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम



साईं पीकरी धाम टेका को राज्य का पर्यटन स्थल घोषित करने की बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर साईं भक्तों और ग्राम वासियो ने ग्राम पंचायत भवन टेका तक पदयात्रा निकाली। वहां पहुंचकर श्री साईं पीकरी धाम टेका व साईं सेवा संस्थान राजिम के प्रमुख मोहन ठाकुर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे गांव वालों की मांग को देखते हुए ग्राम सभा में साईं पीकरी धाम को पर्यटक स्थल घोषित करने का प्रस्ताव कर आगे जनपद और जिला पंचायत से अनुशंसा कर यह मांग मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के समक्ष रखा जायेगा। पदयात्रा में गांव वालों के अलावा आसपास के साईं भक्त उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिला, बुजुर्ग और बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। पदयात्रा में साईं बाबा, ग्राम देवता साईं पीकरी धाम वाले बाबा और पूज्य गुरुदेव श्री चन्द्र भानु सतपथी के जयकारों के साथ साईं पीकरी धाम टेका को पर्यटक स्थल घोषित करने का नारा लगाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम प्रमुख दुर्गा सिंह ठाकुर, चुनु राम, योगेंद्र सिंह ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, होरीलाल साहू ,प्रीत राम, इन्दल साहू, झामु साहू, टोमन साहू, चन्द्रशेखर साहू सहित अधिक संख्या में माताएं बहनें और बच्चे उपस्थित थे।

# गुरु कृपा विद्या मंदिर का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला



गुरु कृपा विद्या मंदिर रसेला का कक्षा नर्सरी से 6वीं तक के बच्चों का परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई। सर्वप्रथम विद्यालय के संचालक प्रशांत अग्रवाल, पालक संघ के अध्यक्ष धनंजय ध्रुव, उपाध्यक्ष मनोज दीवान सहित बच्चों के माता-पिता ने विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने नर्सरी से कक्षा 6वीं तक के बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित कर प्रशस्ति पत्र और मैडल देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि जीवन पूरी तरह से परीक्षा ही है हर दिन एक नई परीक्षा के लिए तैयार रहना पड़ता है। इसलिए कभी किसी का अंक कम आता है तो निराश नहीं होना चाहिए, वह हमें और मेहनत करने की सीख देता है और हमें नई प्रेरणा मिलती है। सभी बच्चों के लिए उनके उज्वल भविष्य की कामना की एवं पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कक्षा नर्सरी में प्रथम स्थान खुश्मिता नायक 96.8 प्रतिशत दूसरे नंबर पर चम्पेश्वरी नेताम, 91.6 प्रतिशत इस तरह कक्षा केजी वन से आरोही ठाकुर 96.4 प्रथम स्थान, खिताक्ष ध्रुव 94 प्रतिशत दूसरे नंबर पर रहा। के.जी.टू से प्रथम दक्षिता गुप्ता 97.6 प्रतिशत, मियाश यादव 95.2 प्रतिशत दूसरे नंबर पर है। वहीं कक्षा पहली से मोक्ष देवांगन ने 98.66 प्रतिशत दूसरे नंबर पर भूमन्या दीवान 98 प्रतिशत रहा। विद्यालय के सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को विधालय परिवार की ओर से बच्चों की उत्कृष्ट सफलता पर शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान शिक्षकवृन्द सोनिया ध्रुव, उत्तरा यादव, गंगा नेताम, यशवंत अग्रवाल, डागेश्वर ध्रुव, मनोज ध्रुव सहित सभी बच्चों के माता-पिता उपस्थित रहे।

### भागवत कथा में सुनाया शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भागवत महापुराण कथा का आयोजन स्व. मनीष कन्नौजे की स्मृति में 1 अप्रैल से 9 अप्रैल तक जारी है। तीसरे दिन कथा प्रवचन में पं. कुलभूषण तिवारी ने शिव-पार्वती विवाह प्रसंग कथा श्रवण कराते हुए कहा कि मनु सतरूपा की कन्या आकूति का विवाह पुत्रिका धर्म के अनुसार रुचि प्रजापति से तथा प्रसूति कन्या का विवाह ब्रह्माजी के पुत्र दक्ष प्रजापति से हुआ। उससे उन्होंने सुंदर नेत्रों वाली सोलह कन्याएं उत्पन्न कीं। इनमें से तेरह कन्याएं श्रद्धा, मैत्री, दया, शांति, तुष्टि, पुष्टि, क्रिया, उन्नति, बुद्धि, मेधा, तितिक्षाए और मूर्तिद्ध धर्म की कृपा बनी अग्निदेव स्वधा नामक कन्या समस्त पितरों की तथा सती नाम की कन्या महादेव की कृपा बनीं। उन्होंने कहा कि सती अपने पतिदेव की सेवा में ही संलग्न थीं। दक्ष प्रजापति की सभी कन्याओं को संतान की प्राप्ति हुई लेकिन सती के पिता दक्ष ने बिना किसी अपराध के भगवान शिवजी से प्रतिकूल आचरण किया था। इसीलिए युवावस्था में क्रोधवश योग द्वारा स्वयं ही अपने शरीर का त्याग कर देने से सती को कोई संतान न हो सकी।

# बजरंग दल ने असामाजिक तत्वों का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम



दुतकैयां में हुए शिवलिंग में तोड़फोड़ के विरोध में बजरंग दल ने राजिम बस स्टैंड में असामाजिक तत्वो का पुतला दहन किया। पुतला दहन करने वालो में यानेद्र सिन्हा, सतीश यादव, मोहित साहू, मोंटू दुबे, ऋषि तिवारी, निखिल यादव, कुणाल यादव, नेमी साहू, ललित यादव सहित बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल थे।

# हरा सोना की खरीदी को लेकर ग्रामीणो में उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

गरियाबंद जिले के सभी 11 वन परिक्षेत्रों में हरा सोना तेन्दुपत्ता की तोड़ाई कार्य तेज गति से चल रहा है। तेन्दुपत्ता तोडाई के आज तीसरे दिन 546 मानक बोरा तेन्दुपत्ता की खरीदी हो चुकी है। जो लक्ष्य के 27 प्रतिशत बताया जा रहा है। पूरे जिले में 66 हजार संग्राहक तेन्दुपत्ता की तोड़ाई कार्य में लगे हुए है, पिछले तीन दिनों से तेन्दुपत्ता की तोड़ाई कार्य प्रारंभ है, संग्रहक परिवारों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्रामीण इलाकों में तेंदूपत्ता वनोपज में आय का महत्वपूर्ण साधन है। कई ऐसे परिवार है जो एक ही दिन में एक मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण कर लेता है। मैनपुर के तेंदूपत्ता को हरा सोना कहा जाता है। तेंदूपत्ता तोड़ाई करने सुबह 4 बजे से जंगल की तरफ पूरे परिवार के साथ चले जाते है। दोपहर 12 बजे तक तेंदूपत्ता संग्रहण कर वापस आकर इसे बंडल बनाकर शाम को संग्रहण केंद्र में बेचने पहुंच रहे है। तेंदूपत्ता संग्रहण परिवार की महिलाएं बच्चे और बुजुर्ग तक पूरा परिवार जंगल की ओर निकल रहे है, वहीं दूसरी ओर लगातार वन विभाग के डीएफओं लक्ष्मण सिंह, उप प्रबंध संचालक अतुल श्रीवास्तव एंव उपवनमंडला अधिकारी श्री चन्द्राकर विभाग के अन्य अधिकारी तेन्दुपत्ता खरीद केंद्रों में पहुंचकर निरीक्षण कर रहे हैं। साथ ही ग्रामीणों को अच्छे गुणवत्तायुक्त पत्ता लाने की अपील कर रहे है।

■ हरा सोना का संग्रहण में बढ़े दाम से संग्रहकों की खुशी

# गुणवत्ता युक्त तेंदूपत्ता संग्रहण पर मिलेगा अतिरिक्त लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

लघु वनोपज सहकारी समिति मर्यादित के पंजीयन क्रमांक 210 में लक्ष्य आधारित आवश्यक बैठक समिति में रखी गयी। बैठक के मुख्य अतिथि आदिवासी समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य, वनोपज जिला प्रतिनिधि नीलकंठ सिंह ठाकुर थे। अध्यक्षता वनोपज सहकारी समिति मर्यादित के प्रबंधक रंजन ध्रुव ने किया। प्रबंधक रंजन ध्रुव ने कहा कि सभी संग्रहण परिवार को प्रति सैकड़ा 550 रुपये तथा मानक बोरा, 5500 रुपये मिलेंगे। वहीं संग्राहक के मुखिया के दुर्घटना होने पर बीमा है, मुखिया की दुर्घटनापूर्ण में मृत्यु होने पर 4 लाख मिलने तथा समान्य सदस्यों को बीमा सुरक्षा की राशि तीस हजार व बारह हजार निर्धारित आयु के आधार पर देय होगा। उनके साथ उत्कृष्ट, प्रवीण छात्र -छात्रो को छात्रवृत्ति देने की भी जानकारी दी गयी।

■ संग्रहण परिवार को प्रति सैकड़ा 550 रुपये तथा मानक बोरा, 5500 रुपये मिलेंगे



### गुणवत्ता युक्त तेंदूपत्ता तोड़ाई के लिए कर रहे प्रेरित

प्रबंधक रंजन ध्रुव, समिति के अध्यक्ष चमार सिंह ठाकुर, जिला प्रतिनिधि नीलकंठ सिंह ठाकुर सहित सभी सदस्यों का संयुक्त प्रयास से लक्ष्य को भेदने में लगे हुए हैं। वहीं सभी फड़ मुंशी अपने अपने क्षेत्र में गुणवता युक्त तेंदूपत्ता तोड़ाई के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं। फड़ मुंशियों में रेवा राम ध्रुव सिवनी के युगल किशोर ध्रुव, विजयपुर सेऊक राम ठाकुर, खरखरा टंकेश्वर साहू, धरमपुर धनशाय कमार, राजपुर खेमसिंग, मानसिंग ध्रुव, सेंदबाहरा राधेश्याम, डिलेश, गोनबोरा फड़ मुंशी भोजलाल, राधेलाल प्रमुख रुप से उपस्थित थे। भरत कोटेजा ठेकेदार के द्वारा देंतूपत्ता की खरीदी की जा रही हैं। निरीक्षण में व बैठक में उनके क्रेता प्रतिनिधि बतौर रुप सिंह ठाकुर बैठक में तथा फिल्ड उपस्थित थे।

वही जिला वनोपज संघ के जिला प्रतिनिधि नीलकंठ सिंह ठाकुर ने सभी समिति के फड़ केन्द्रो में निरीक्षण किया। गुणवत्ता युक्त तेंदूपत्ता लाने से बोनस भी मिलेगा और छ ग शासन के सभी लाभकारी योजनों का लाभ भी मिलेगा कहा। आम के आम गुठलियों के भी दाम बोनस के रुप में मिलेगा। अच्छा पत्ता अच्छा दाम देगा ।

इस वर्ष समिति को 1600 सौ मानक बोरा का लक्ष्य मिला है। जिसमे आज 1मई से हरा सोना की संग्रहण कार्य तेजी चल रहा है। वहीं पर दो दिनों के रिपोर्ट के अनुसार सभी 11 फड़ की खरीदी में फड़ में 81620, सिवनी में 71,095, विजयपुर में 60.231, खरखरा में 73000, में 38,000, राजपुर फड़ में 71,900 तथा धरमपुर में 31200, सेंदबाहरा में 41400, रावणाभाठा फड़ में 65,300, कांटाखुशरी में 53350, गोनबोरा फड़ मे 1 से 2 मई तेंदूपत्ता की खरीदी की गयी है। वहीं जिला प्रतिनिधि व प्रबंधक द्वारा सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सोना शुद्ध लेना चाहते हो तो यह तो हरा सोना है इसमे भी शुद्धता लायेंगें तो डबल फायदा होगा। पहले जैसे अधिक पत्ता नहीं आने के कारण पुछा गया तो तेंदूपत्ता संग्रहण कर्ताओ ने बताया कि मौसम के उतार चढ़ाव, साख कर्तन में कम मजदूरी का भुगतान, मुंशियों का मान देय कम होने जैसे अनेकों कारण रुचि का

# 31 जुलाई तक संपूर्ण जिला जलाभाव क्षेत्र घोषित

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने जिले में ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (क्रमांक-3) 1987 की धारा 03 के अन्तर्गत पदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण गरियाबंद जिले को 3 मई से 31 जुलाई तक जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। कलेक्टर के आदेशानुसार जिले में उक्त अवधि में अधिनियम की धारा-06 के अन्तर्गत सक्षम अधिकारी के पूर्वानुमति बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी भी अन्य प्रायोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा। लेकिन शासकीय एजेंसी जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सम्पूर्ण जिले में तथा नगर पालिक परिषद एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने नगरीय निकाय की सीमा के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराये गये नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजना होगा। उक्त अनुक्रम में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नलकूप खनन हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से विधिवत अनुमति की आवश्यकता होगी। कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया है। जिसके अनुसार अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी जिला गरियाबंद को गरियाबंद जिले के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र (नगर पालिका परिषद गरियाबंद), नगर पंचायत राजिम, फिंगेश्वर, छुरा एवं कोपरा हेतु प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरियाबंद को राजस्व अनुविभाग गरियाबंद के तहत आने वाला क्षेत्र, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैनपुर को राजस्व अनुविभाग मैनपुर के तहत आने वाला क्षेत्र, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व देवभोग को राजस्व अनुविभाग देवभोग के तहत आने वाला क्षेत्र, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजिम को राजस्व अनुविभाग राजिम के तहत आने वाला क्षेत्र तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व छुरा को राजस्व अनुविभाग छुरा के तहत आने वाला क्षेत्र का प्राधिकृत अधिकारी बनाया गया। कलेक्टर के आदेशानुसार उक्त प्राधिकृत अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियमों में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नलकूप खनन आवश्यक होने पर अनुमति प्रदान करने की कार्यवाही करेंगे। यदि किसी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा उक्त अधिनियम के उल्लंघन में नलकूप खनन करना पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक |
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### संसदीय मंडल की बैठक में शामिल हुए चंद्रशेखर

**नवापारा-राजिम।** पूर्व कृषि मंत्री और पूर्व सांसद चंद्रशेखर साहू भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में विदेशी संसदीय मंडल के साथ बैठक की। बैठक में श्री साहू ने विदेशी संसदीय मंडल को मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में देश में हुए अभूतपूर्व कार्यों की जानकारी दी। श्री साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की उल्लेखनीय नीतियों के कारण भारत पिछले 10 वर्षों में विश्व की 11वीं से 5वीं अर्थव्यवस्था बन गया है, वह भी तब, जब पूरा विश्व 2 वर्षों तक कोरोना महामारी से जूझ रहा था और इस दौरान विश्व की महाशक्ति कही जाने वाली कई देशों की अर्थव्यवस्था भी धराशायी हो गई थी। श्री साहू ने आगे बताया कि भारत को अगले 3 वर्षों में विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की प्रधानमंत्री मोदी ने गारंटी दी है और निश्चित तौर पर भारत, प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त और सक्षम नेतृत्व में इस लक्ष्य को हासिल कर लेगा।

### ख्याति प्राप्त मंडलियों ने दी मानसगान की प्रस्तुति



**सुरसाबांधा।** ग्राम परतेवा एवं बरोण्डा में ग्रामवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को दोनों गांव में 7-7 ख्याति प्राप्त मंडलियो द्वारा मानसगान की प्रस्तुति दी गई। रामायण सुनने आसपास के गांवों से भी लोग पहुंच रहे हैं। आयोजक समिति द्वारा सभी के लिये भोजन प्रसादी का भी व्यवस्था किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने आयोजक समिति के सदस्यो व ग्रामवासियों का भारपूर सहयोग मिल रहा है।

### बृजमोहन की सुपुत्री ने किया दौरा



**नवापारा-राजिम।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को जिताने एक ओर जहां पूरे लोकसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने कमर कस रखी है, तो वहीं दूसरी ओर श्री अग्रवाल के पारिवारिक सदस्यों ने भी मोर्चा संभाला हुआ है। इसी कड़ी में श्री अग्रवाल की सुपुत्री सुबुही अग्रवाल और उनके पति विनीत अग्रवाल, बुधवार को पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गोयल के बुलावे पर नवापारा पहुंचे और श्री गोयल व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ श्री अग्रवाल के पक्ष में नगर के विभिन्न वार्डों में जाकर जनसंपर्क किया। श्री गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि बृजमोहन भैया की बेटी व दामाद ने देर रात तक नगर के सतनामीपारा, घसियापारा, गाड़ापारा, देवारपारा, वार्ड नंबर 3 सहित नगर के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क करते हुए लोगों से बृजमोहन भैया के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस दौरान सभी जगह पर लोगों ने बृजमोहन भैया के पक्ष में जमकर वोट करने का आश्वासन दिया।

**स्वागत :** रैली बस स्टैंड से सुभाष चौक, साहूगुड़ी, कुम्हार हटरी, नीलकंठ मंदिर होते हुए पहुंची गंज रोड

# बृजमोहन ने नवापारा में की रैली और अभनपुर में रोड शो कर मांगा वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

रायपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल की जबर्दस्त रैली शुक्रवार की शाम नवापारा शहर में निकली। इस रैली में अपार भीड़ रही। बृजमोहन के स्वागत के लिए लोगों में होड़ मची हुई थी। जनसैलाब उमड़ पड़ा था। जैसे ही शाम 6 बजे के करीब बृजमोहन का काफिला नवापारा शहर में प्रवेश किया वैसे ही खूब आतिशबाजी के साथ फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। शहर के मेन चौक पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक से यह रैली सदर बाजार की ओर रवाना हुई। सदर बाजार के रास्ते में जगह-जगह पंडाल लगे हुए थे। हर जगह फूलों की वर्षा हो रही। आरती सजाकर नारियल लेकर महिलाएं खड़ी थी। शहर के हर चौक में स्वागत करने के लिए लोग खड़े हुए थे। बस स्टेण्ड से लेकर सुभाष चौक, साहूगुड़ी, कुम्हार हटरी, नीलकंठ मंदिर, चांदी चौक, इंदिरा मार्केट, नेहरू गार्डन होते हुए यह रैली गंज रोड में प्रवेश किया। गंज रोड में भी जगह-जगह फूलों की वर्षा कर महिलाओं और युवतियों सहित बड़ी संख्या में शहरवासियों ने ऐतिहासिक स्वागत किया। अग्रसेन चौक में गन से फूलों की पंखुड़ियों की बौछार से स्वागत किया गया। स्वागत रैली में विधायक इंद्रकुमार साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, राजिम के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज, नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष द्वय विजय गोयल, देहुति रतिराम साहू, नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष रेखा जितेंद्र सोनकर,वरिष्ठ भाजपा युवा नेता किशोर देवांगन, गरियाबंद नगर पालिका के अध्यक्ष गफफु मेमन, नवापारा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।





### लोस प्रत्याशी बृजमोहन ने अभनपुर में किया रोड शो

**अभनपुर।** रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल व विधायक इन्द्रकुमार साहू द्वारा अभनपुर मे नगर के मुख्य मार्गो मे रोड शो किया गया । वार्ड नं 1 अभनपुर बस्ती रामजानकी मंदिर मे पूजा अर्चना कर आजाद चौक,विक्रम चौक,लक्ष्मी बाई चौक अभनपुर मंडी होते हुये बस स्टैण्ड व राजिम रोड तक नगर भ्रमण कर लोगो से सहयोग की अपील किया इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनो एवं व्यापारियिक संगठनो द्वारा बृजमाहेन अग्रवाल का भव्य स्वागत किया गया,टिम्बर एसोसिशयन ,राइस मिल एसोसिएशन,किराना



व्यापारी,सराफा व्यापारी संघ एवं पटेल समाज ,धीवर सामाज,साहू समाज सहित विभिन्न समाजो द्वारा स्वागत करते सहयोग करने का भरोसा दियाला इसके अलावा नगर के विभिन्न स्थानो पर जगह जगह स्वागत किया गया। इस दौरान अभनपुर बस स्टैण्ड मे अपने संक्षिप्त उद्बोधन मे बजमोहन अग्रवाल ने कहा कि देश के विकास व धर्म संस्कृति की रक्षा व छत्तीसगढ़ के विकास के लिए मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए एक एक वोट बहुमूल्य है। इस अवसर पर उपस्थित लोगो ने सहयोग का भरोसा दिलाया।

# शिविर में पेंशन, राशन कार्ड, पेयजल समस्या का समाधान करने की मांग

### मैनपुर सीईओ को ज्ञापन सौंपकर समस्या समाधान करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर जनपद पंचायत कार्यालय में स्वास्थ्य पंचायत द्वारा जनपद संपर्क शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मैनपुर विकासखण्ड के दुरस्थ वनांचल से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहेुचकर पेंशन नहीं मिलने की शिकायत किया। साथ ही राशन कार्ड के साथ पेयजल समस्या से अवगत कराया गया। शिविर में स्वास्थ्य पंचायत मैनपुर ब्लॉक समन्वयंक पार्वती नागेश, क्षेत्रीय समन्वयंक मीना देवी ने क्षेत्रभर से पहुंचे लोगों की समस्या सुनी और उनसे आवेदन लेकर सभी समस्याओं के समाधान के लिए जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्यकार्यपालन अधिकारी अंजली खलखों को ज्ञापन सौंपा। सुबह 11 बजे शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्राम उरमाल, बधिमाल निवासी नरसिंह प्रधान पिता चेतन ने आवेदन देकर बताया कि उन्हे पेंशन मिल रहा था लेकिन अचानक पिछले 13 माह से पेंशन नहीं मिल रहा है, कई बार सरपंच और सचिव को आवदेन देकर थक चुके है लेकिन उनके समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। उन्होने बताया कि वह बेहद गरीब आदिम है और उन्हे शासन के द्वारा पेंशन दिया जा रहा था लेकिन अचानक 13 माह से पेंशन देना बंद कर दिया। क्यों पेंशन नहीं दिया जा रहा है इसके बारे में कोई जवाब भी नहीं देते। इसी तरह बिमला बाई, जगदीश राम, बिरोबाई, गोमती, शांति, खिलेन्द्री, फागुलाल ने भी पेंशन देने की मांग के लिए आवेदन दिया है। ग्राम पंचायत कुहीमाल के ग्रामीणों ने शिविर में आवेदन देकर बताया कि ग्राम कसेरसील के लोगों को इस भीषण गर्मी में पीने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है, यहां पारा ग्राम पंचायत कुहीमाल के आश्रित ग्राम है और पहाडी जंगल के भीतर बसा है। अभी तक गांव में एक भी हेडपंप नहीं है। कई बार आवेदन देकर थक चुके हैं, तीन किलोमीटर दूर पानी के लिए जाना पड़ रहा है, नदी भी सुख चुका है जिसके चलते भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण रमुला बाई, धनमती, सुपारा, जगदीश, मथुरा, रायमती, भानूमती, रेखा, कुशल, आफोराम, निर्मल, कमला, अंजली, लक्ष्मी, विष्णुराम, प्रकाशराम, मंदास, विलय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर पेयजल की मांग किया है। साथ ही कई ग्रामों के ग्रामीण पहुंचकर हेडपंप, आंगनबाड़ी खोलने की मांग करते हुए आवेदन दिया है, सभी आवेदन को जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्यकार्यपालन अधिकारी को सौंपकर समस्या समाधान करने की मांग की गई है।



### समस्या का समाधान किया जा रहा है

स्वास्थ्य पंचायत के मैनपुर ब्लॉक समन्वयंक पार्वती नागेश ने बताया कि हर माह जनपद पंचायत में जनपद सम्पर्क शिविर का आयोजन किया जाता है, और यहां जितने भी आवेदन प्राप्त होते है सभी आवेदन को संबधित विभाग में भेजकर समस्या समाधान का प्रयास किया जा रहा है।

# रामकथा रसपान करने दूर-दूर से पहुंचे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम कोरासी में हनुमान जन्मोत्सव पर 28 से 30 अप्रैल तक आयोजित तीन दिवसीय श्रीरामचरितमानस सम्मेलन का समापन भक्ति भाव के साथ हुआ। तीन दिन तक चले मानस की बयार में मानस कथा को श्रवणपान करने के लिए लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अंतिम दिवस ख्यातिप्राप्त मानस मण्डलियो ने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को झूमने मजबूर कर दिया। मंचस्थ मानस परिवार में सत्संग मानस परिवार कनेसर, जय मां शारदा महिला मानस परिवार रानीपरतेवा, पारसमणी मानस परिवार रायपुर, श्री हरि महिला मानस परिवार परसदा फिंगेश्वर, मधु मारुति मानस परिवार गोजी नारी, जय राजीव लोचन मानस परिवार परतेवा राजिम, करुणा सागर मानस परिवार कन्नेवाड़ा करहीभदर बालोद, श्रीरामचरितमानस परिवार चारामा कांकेर, श्रद्धा महिला मानस परिवार मड़ियापार गुण्डरदेही ने मनमोहक प्रस्तुति दी। मधु मारुति मानस परिवार के संगीतकार तथा व्याख्याकार रामकुमार साहू ने अरण्यकाण्ड में चर्चा करते हुए पंचवटी में लक्ष्मण के द्वारा सूर्पनखा के नाक कान काटने की घटना का वर्णन किया। वहीं आधुनिक परिवेश में हो रहे लोगों के बदलाव पर ध्यान आकृष्ट किया। रामकथा रसपान करने के लिए दूर- दूर से श्रोता पहुंचे थे। कार्यक्रम में कृषि सभापति प्रहलाद यादव, संतु राम यादव, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज पटेल, पुनीत ठाकुर, शंकर यदु शिक्षक, हेमलाल पटेल, अर्जुन धनंजय सिन्हा, सोनवानी सर, विनोद सिंह ठाकुर, डॉ. महावीर प्रसाद बरगाहा, प्रेमनारायण ध्रुव, कन्हैयालाल यादव, पुरन निषाद आदि समस्त ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग रहा।



### स्वास्थ्य परीक्षण कर दी दवा

**मैनपुर।** क्षेत्र के गांव- गांव में इन दिनों स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। ग्राम सरनाबाहल में चिरायु दल द्वारा स्कूली छात्र -छात्रओं सहित छोटे -छोटे बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे दवा वितरण किया गया।






**पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

